दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

•डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रकाशित•   •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 64 • मुंबई,मंगलवार, 29 अक्टूबर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • निःशुल्क •

## धम्बोला पुलिस ने विधानसभा उपचुनाव से पहले किया एरिया डोमिनेशन अभियान

पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर ।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में आगामी विधानसभा उपचुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस द्वारा एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन के आदेश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा व सीमलवाडा वृत्ताधिकारी राजकुमार के निर्देश में, धम्बोला थानाधिकारी रिजवान खान के नेतृत्व में चार टीमों का गठन कर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान 13 चालानशुदा अपराधियों सहित 5 अन्य व्यक्तियों को आम शांति भंग के आरोप में पाबंद किया गया। इसके अलावा, एक स्थायी वारंटी और दो गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### चुरू जिले में हमीरवास थाना पुलिस की कार्वाई

## घात लगा कर बैठे अज्ञात बदमाशों द्वारा व्यापारी की गाड़ी को पिकअप से टक्कर मार रुकवाया, लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर भाग गये थे

**चौराहा खैरू बड़ी मे व्यापारी पर जानलेवा हमला करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार**

पदमावत मीडिया

**जयपुर/चूरू ।** चूरू जिले के हमीरवास थाना क्षेत्र खैरु बड़ी गांव के पास घात लगाकर व्यापारी की गाड़ी को टक्कर मार रुकवा कर लोहे की रोड से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों विजेन्द्र उर्फ पिंकु मेघवाल पुत्र ओमप्रकाश (34) निवासी बहल जिला भिवानी हरियाणा, तुषार उर्फ लाला जाट पुत्र योगीराज (21) व गौरव उर्फ खटर नायक पुत्र राधेश्याम (21) निवासी बिशनपुरा थाना पिलानी जिला झुंझुनू को गिरफ्तार किया है।

एसपी जय यादव ने बताया है कि खैरू बडी निवासी रणधीर सिंह जाट ने 14 अक्टूबर को रिपोर्ट दी थी कि उनकी हरियाणा के थाना बहल क्षेत्र में मिर्च मसाले दुकान है। आज सुबह करीब 8» 45 बजे वह अपनी जीप से दुकान जा रहा था। गाड़ी में उसके साथ भाई-भाई अमीर सिंह व चचेरा भाई नरेश, कर्मचारी मनीराम व गांव का धर्मपाल जांगिड़ भी थे।

गांव से निकलकर जैसे ही शिव मंदिर के पास चौराहे पर पहुँचे तो वहां पर पहले से एक बिना नंबरी व काले शीशे की पिकअप खड़ी थी। गाड़ी में घात लगाकर कुछ युवक बैठे थ। जिन्होंने उनकी गाड़ी के सीधे टक्कर मारी। फिर उसमें से दो लड़के हाथों में लोहे कि रॉड लिए उतरे। एक रॉड पहले से नीचे खड़े लड़के को भी दी। पिकअप में बैठा ड्राईवर लगातार उनकी गाड़ी को टक्कर मारता रहा। तीनों लड़के रॉड से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर भाग गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल विक्रम सिंह को सुपुर्द किया गया।

अज्ञात मुल्जिमों द्वारा मारपीट करने की इस घटना को गम्भीरता से लेकर आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल व सीओ निश्चय प्रसाद एम आईपीएस के सुपरविजन तथा एसएचओ मदन लाल विश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं मुखबिरों से आसूचना एकत्रित कर आरोपियों को नामजद किया गया। इसके बाद मुल्जिमों की



तलाश के लिए सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गई। आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से रविवार को घटना के आरोपियों विजेन्द्र उर्फ पिंकु मेघवाल, तुषार उर्फ लाला जाट एवं गौरव उर्फ खटर नायक को गिरफ्तार किया गया। मामले में गिरफ्तार मुल्जिमो से अन्य आरोपियों की भूमिका के बारें में अनुसंधान जारी है।

### बाड़मेर जिले में डीएसटी व थाना रागेश्वरी पुलिस की बड़ी कार्वाई

## गुजरात नंबर के टैंकर से 45 लाख की अवैध शराब बरामद विभिन्न ब्रांड के 388 कार्टन जब्त कर तस्कर को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**जयपुर/बाड़मेर ।** बाड़मेर जिले की स्पेशल टीम एवं थाना रागेश्वरी पुलिस ने मेगा हाईवे पर नाकाबंदी में गुजरात नंबर के टैंकर से भारी मात्रा में पंजाब निर्मित अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने टैंकर में मिली विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब के 388 कार्टून जब्त कर आरोपी रमेश गिरी पुत्र ईश्वर गिरी निवासी शिवनगर थाना सदर बाड़मेर को गिरफ्तार कर लिया। जब्त शराब की कीमत करीब 45 लाख रुपए आंकी गई है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शराब की तस्करी की रोकथाम व तस्करों की धरपकड़ के लिए आईजी जोधपुर रेंज के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान 'ऑपरेशन भौकाल' चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ सुखराम बिश्नोई के सुपरविजन एवं एसएचओ आदेश कुमार एवं डीएसटी प्रभारी एएसआई अमीन खान मय टीम द्वारा नया नगर के पास मेगा हाईवे पर नाकाबंदी की गई थी।

नाकाबंदी के दौरान गुजरात नंबर का टैंकर आता हुआ दिखाई दिया, जिसे रूकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी में टैंकर में मिली पंजाब निर्मित विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 388 कार्टून जब्त कर पुलिस ने आरोप वाहन चालक रमेश गिरी को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

इस कार्रवाई में बाड़मेर जिले की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल नर सिंह व कांस्टेबल रमेश कुमार की विशेष भूमिका रही। मामले में थाना रागेश्वरी पर आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।







## सविना थाना पुलिस ने चेन स्नैचिंग में लिप्त गैंग का किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सविना थाना क्षेत्र में एक महिला, राजकुमारी भावनानी, ने 3 अक्टूबर 2024 की शाम रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह माईनिग ऑफिस के पीछे सेक्टर 13 में सत्संग के लिए जा रही थीं। शाम करीब 5» 25 बजे मकान नंबर 19 के सामने स्कूटी खड़ी करते समय अचानक एक काली मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आए, जिनमें से पीछे बैठे युवक ने झपटा मारकर उनकी सोने की चेन का आधा हिस्सा खींच लिया और भाग गए। घटना के बाद प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और नगर पूर्व के पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में, थानाधिकारी अजयसिंह राव और उनकी टीम ने आसूचना और तकनीकी सहायता से अपराधियों की पहचान कर उन्हें ब्यावर और दूदु से डिटेन किया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। शुभम, निवासी रेगरो का मोहल्ला, जेकमपुरा थाना नरेना, जिला दूदु, और हेमान उर्फ अली,



निवासी अखेग□, देवखेडा थाना भीम, जिला राजसमंद, वर्तमान में संतोषी माता मंदिर, विजय नगर रोड, ब्यावर में रह रहे थे। शुभम पर चेन स्नैचिंग के 3, जबकि हेमान पर 7 मामले पहले से दर्ज हैं।

पुलिस टीम के सदस्य» अजयसिंह राव, थानाधिकारी सविना; नरेश कुमार, राजेंद्र सिंह (विशेष भूमिका), मांगीलाल (विशेष भूमिका), सुशील कुमार, खरताराम, छगनलाल, किशोर, जितेन्द्र दीक्षित, मुकेश कुमार, विक्रम सिंह, गजेन्द्र सिंह (साइबर सेल), और लोकेश रायकवाल

## नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म के मामले में वांछित 5 हजार रुपये इनामी गिरफ्तार, जिला स्तर पर टॉप 10 में शुमार आरोपी 1 साल से चल रहा था फरार

**प्रतापगढ़ जिले में थाना जलोदा जागीर पुलिस की कार्वाई**

पदमावत मीडिया



**जयपुर/प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ जिले की जलोदा जागीर थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म के मामले में एक साल से फरार चल रहे 5000 के ईनामी आरोपी करण मीणा पुत्र सुरेश (19) निवासी बूझो की भागल थाना जलोदा जागीर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जिला स्तर पर टॉप 10 वांछित की सूची में शामिल है।

एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि 18 नवंबर 2023 थाना जलोदा जागीर पर परिवादी ने रिपोर्ट दी कि कल शाम 7» 00 बजे उनकी नाबालिग बेटी घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई, जिसकी हमने आस पड़ोस व रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन कुछ पता नही चला। रिपोर्ट में परिवादी ने करण मीना पर बेटी को भगा ले जाने का शक जताया।

मामले में 9 फरवरी 2024 को नाबालिग को दस्तयाब कर पुलिस ने कोर्ट में बयान कराए। जिसमे नाबालिग ने करण मीणा पर भगाने एवं साथ रखकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। इस पर पॉक्सो में मामला दर्ज किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए □5000 का इनाम घोषित कर जिला स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल किया गया।

एसएचओ मांगीलाल के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन कर फरार चल रहे आरोपी करण मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल मनजीत सिंह की विशेष भूमिका रही।

## मेवाड़ जनशक्ति दल की मासिक बैठक संपन्न

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** मेवाड़ जनशक्ति दल कार्यकारिणी की मासिक बैठक दुर्गा नर्सरी कार्यालय पर सोमवार को संरक्षक अतुल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने आगामी होने वाले आयोजन के बारे में वार्ता की साथ ही संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी को लेकर पदाधिकारी सदस्यों के 2025 के आईडी कार्ड बनाए जाएंगे। जिला अध्यक्ष देवेंद्र बोयल ने बताया कि उदयपुर में स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर के तहत प्रशासन को साथ में लेकर आयोजन करेंगे और 2025 में संगठन द्वारा कैलेंडर बनाए जाएंगे।

## राजस्थान विधान सभा के मार्शल संजय चौधरी व उप सचिव विजय बहादुर का सेवानिवृत्ति समारोह

### निष्ठा से करें दायित्व निर्वहन - देवनानी

**समारोह में नेता प्रतिपक्ष श्री जूली व संसदीय कार्य मंत्री पटेल भी हुए शामिल**

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण होता है। जिस व्यक्ति को जो जिम्मेदारियां दी जाये, उसे उस दायिल्यों का निर्वहन निष्ठा से करना चाहिए। इसी से व्यक्ति और संस्था दोनों की छवि का प्रदर्शन होता है। श्री देवनानी सोमवार को यहां विधानसभा के मार्शल श्री संजय चौधरी और उप सचिव श्री विजय बहादुर के सेवानिवृत्ति समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री देवनानी ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। श्री देवनानी ने कहा कि विधान सभा सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय की गरीमा को बनाये रखने का दायित्व यहां कार्य करने वाले प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का है।

समारोह में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली ने कहा कि मार्शल का कार्य विशेष प्रकृति का होता है। मार्शल श्री चौधरी ने 24 वर्ष तक इस पद पर रहकर विधान सभा के सुरक्षा दायित्यों का निष्ठा से निर्वहन किया है। संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विधान सभा में कार्य करने वाला प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी भाग्यशाली है, जिन्हें ऐसे स्थल पर राजकीय सेवा करने का मौका मिला है।

समारोह को 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाले विधान सभा सचिवालय के मार्शल श्री संजय चौधरी और उप सचिव श्री विजय बहादुर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में विधान सभा के विशिष्ट सचिव श्री भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक श्री के. के. शर्मा, विधान सभा सचिवालय के कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति के अध्यक्ष श्री रवि जैन सहित विधान सभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## सामान्य प्रेक्षक ने की विधानसभा उपचुनाव तैयारियों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप चुनाव 2024 के मद्देनजर नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस जे विजया रानी की उपस्थिति में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त विधानसभा उपचुनाव 2024 के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक सोमवार को रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत के कक्ष में बैठक आयोजित हुई बैठक में सामान्य प्रेक्षक जे विजया रानी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मतदान केन्द्रों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए तथा उन्होंने मतदान




केंद्रों का निरीक्षण कर वहां सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और पुलिस विभाग तथा एआरओ से कहा कि वह प्रभावी कार्यवाही करें एवं रात्रि में आवश्यक रूप से जांच करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जे विजया रानी ने पुलिस विभाग से चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों व गाइडलाइन के अनुसार निर्वाचन प्रक्रियाएं सम्पन्न कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सख्ती से अवैध सामग्रियों की जब्ती की कार्यवाही की जाए एवं जब्त की गई सामग्रियों का लेखा-जोखा संधारित किया जाए।

इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी ने जिले में निर्वाचन संबंधी सम्पूर्ण तैयारियों एवं आयोग के निर्देशानुसार किए गए कार्यों की जानकारी प्रदान की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश यादव ने जिले में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी दी एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु पुलिस विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों से अवगत कराया।

बैठक में जे विजया रानी, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार आस्था रानी बामणिया, अभिनीत शर्मा, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी पुष्पक मीणा, विजेंद्र सिंह गहलोत, नितिन शर्मा, घनश्याम सिंह चंदेल, र|श चौबीसा सहित अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खैरथल तिजारा के एक सौ छात्र छात्राओं ने विधान सभा देखी आज का युवा ही देश का भविष्य - देवनानी

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि आज का युवा ही देश का भविष्य है। देवनानी सोमवार को यहां विधान सभा में खैरथल तिजारा के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है। हमें राष्ट्र की सेवा के लिए अपने दायित्वों को समझकर और विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर दुनिया में भारत का नाम रोशन करना है।



इस अवसर पर मौजूद विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली ने विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी से छात्र-छात्राओं और विप्र फाउण्डेशन के पदाधिकारिओं का परिचय कराया। उल्लेखनीय है कि विप्र फाउण्डेशन खैरथल तिजारा ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 9 से 11 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों की पृथ्वी पर बढ़ते जल संकट और उपाय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कराया था। प्रतियोगिता में मेरिट में आये एक सौ छात्र-छात्राओं का विधान सभा जनदर्शन के तहत राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन कराया गया।

# इस बार दीपावली 31 अक्टूम्बर को ही शास्त्र सम्मत

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** श्रीदर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि कार्तिकी अमावस्या जिस दिन प्रदोष व्यापिनी हो उस दिन लक्ष्मी पूजन करें। यदि दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी हो तो दूसरे दिन करे।

इस बार दृक् और सौर गणित पद्धतियों से प्रदोषकाल व्यापिनी अमावस्या अर्थात् कर्मकाल व्यापिनी अमावस्या 31 अक्टूम्बर को ही है।

प्रदोष समये दीपदान उ्ल्काप्रदर्शन लक्ष्मीपूजनानि कृत्वा भोजनं कार्यम्

अर्थात् जिस दिन अमावस्या को सायं देवताओं के लिए दीपदान करने, पितरों के निमित्त उल्का दिखाने, विधिवत् लक्ष्मीपूजन करके व्रती को भोजन का पूर्ण समय प्रदोष काल में मिल जावे, उसी दिन लक्ष्मी पूजन आदि करें। यही कर्मकाल है। इतना कर्म करने के लिए पूरा प्रदोषकाल चाहिए। केवल प्रदोषस्पर्श से कार्य नहीं हो सकता। प्रदोष काल का मान सूर्यास्त के बाद तीन मुहूर्त अर्थात् छः घटी अर्थात् 144 मिनट का समय होता है । कुछ विद्वान प्रदोष का स्पर्श मात्र मान रहे है, जबकि प्रदोष तो पूरा ही होना चाहिए । इसी प्रकार 31 अक्टूबर को अमावस्या दोपहर 03.54 पर शुरू हो रही है और 1 नवंबर को शाम को 6.18 पर समाप्त हो रही है । भीनमाल का सूर्यास्त का समय शाम को 6» 00 बजे, अहमदाबाद 6.01, मुंबई 6.04 है, अमावस्या 6.18 तक है, अर्थात सूर्यास्त के बाद अमावस्या 24 मिनट भी नहीं है और 24 मिनट की एक घटी होती है । इसलिए 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत है ।

त्रिवेदी ने बताया कि अमावस्या का कुल मान 26 घण्टे 24 मिनट आ रहा है । अहोरात्र या तिथि के आठवें भाग को याम या एक प्रहर कहते है। इस प्रकार अमावस्या के मान के 8 भाग करने पर 3 घंटे 18 मिनट प्राप्त होता है। इस प्रकार प्रथम भाग या पहले प्रहर को सिनीवाली अमावस्या कहते है । बीच के 5 प्रहर को दर्श कहते है और अन्तिम 2 प्रहर को कुहू अमावस्या कहा जाता है। दीपावली पूजन दर्श अमावस्या में किया जाता है, जो 1 नवम्बर को प्रातः 11.42 बजे तक ही दर्श अमावस्या प्राप्त हो रही है। अर्थात् 1 नवम्बर को प्रदोषकाल में दर्श अमावस्या नहीं है, तो 31 अक्टूम्बर को ही दीपावली शास्त्र सम्मत है। दीपावली के लिए धर्म सिंधु में कहा है

अथाश्विनामावास्यायां प्रातरभ्यंग प्रदोषे दीपदानलक्ष्मीपूजनादि विहितम्। तत्र सूर्योदयं व्याप्यास्तोत्तरं घटिकाधिकरात्रिव्यापिनी दर्शे सति न संदेहः।।

इसमें स्पष्ट लिखा है कि सूर्यास्त के बाद रात्रि में एक घटी से अधिक दर्श हो तो उस दिन दीपावली होने में कोई संदेह नहीं है।

राजमार्तण्ड में कहा है

दण्डैकरजनी प्रदोषसमये दर्शो यदा संस्पृशेत्।

कर्त्तव्या सुखरात्रिकात्र विधिना दर्शाद्यभावे तदा।

पूज्या चाब्जधरा सदैव च तिथिः सैवाहनि प्राप्यते।

कार्या भूतविमिश्रिता जगुरिति व्यासादिगर्गादयः।।

अर्थात् यदि रात्रि को प्रदोष के समय एक दण्ड (घटी) भी दर्श का स्पर्श हो रहा हो तो उस दिन रात्रि में दर्श आदि के अभाव में भी विधिपूर्वक सुखरात्रिका करें। लक्ष्मी की पूजा सदैव उसी दिन करनी चाहिए जिस दिन प्रदोषव्यापिनी तिथि (दर्श) की प्राप्ति होती हो। यह चतुर्दशी मिश्रिता अमावस्या में भी करनी चाहिए । ऐसा व्यास गर्ग आदि ऋषियों का कथन है। इस उर्द्धत कर तिथि निर्णय में कहा है ।

अमावस्या यदा रात्रौ दिवाभागे चतुर्दशी।

पूजनीया तदा लक्ष्मीर्विज्ञेया सुखरात्रिका।

इति वचनद्वयमुभयत्र प्रमाणं वेदितव्यम्

अर्थात् यदि दूसरे दिन दिवाभाग में ही दर्श मिले और समाप्त हो जाए व पहिले दिन के प्रदोष में दर्श मिल रहा हो तो चतुर्दशी विद्धा अमावस्या भी ग्राह्य है । ज्योतिः शास्त्र में कहा है यदि दूसरे दिन की रात्रि में दर्श का एक दण्ड योग व्याप्ति हो तो पहले दिन को छो्कर दूसरे दिन



सुखरात्रिका होती है। परंतु दूसरे दिन एक दण्ड यानि एक घटी अर्थात् 24 मिनट भी नहीं है इसलिए रात्रि में अमावस्या हो और दिन में चतुर्दशी हो तो उसी रात्रि में लक्ष्मी पूजा करनी चाहिए । इसे सुखरात्रिका कहते है। इन दोनों वचनों को प्रमाण माना जाना चाहिए।

इन सभी प्रमाणों को देखते हुए 31 अक्टूम्बर को ही प्रदोष व्यापिनी अमावस्या होने से दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत है।

# मेवाड़ चौबीसा चिंतन मंच की कार्यकारिणी का गठन

पदमावत मीडिया

**संवाददाता दीपक शर्मा**

**कानोड़ ।** मेवाड़ चौबीसा चिंतन मंच ने सामाजिक सरोकार के कार्यों को साकार रूप देने के लिए अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है।

प्रतिभाशाली बालक--बालिकाओं का सम्मान करके प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना, संस्कार शिविर आयोजन द्वारा समाज में संस्कार और मूल्यों को बढ़ावा देना, खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करके युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना एवं सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों को सम्मानित करना इस मंच के मुख्य उद्देश्य हैं। मंच के मीडिया प्रभारी अनन्त प्रकाश व्यास ने बताया कि चौबीसा समाज के विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए मंच ने कार्यकारणी के अध्यक्ष पद पर जगदीश चौबीसा आत्रेय बानसी का मनोनयन किया गया। इसके अतिरिक्त समाज के वरिष्ठ जनों युक्त संरक्षक एवं परामर्श मंडल सहित विभिन्न पदों पर उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, कोषाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया है।

# उदयपुर जिले में स्वच्छता अभियान और यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर ।** 'माय भारत वाली दिवाली' गतिविधि के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स) और नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से उदयपुर में स्वच्छता और यातायात जागरूकता बढ़ाने हेतु 'श्रमदान' अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम से बापू बाजार तक एक स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने सफाई कार्य किया और नागरिकों को स्वच्छता तथा यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मलय पानेरी, हस्स प्रथम इकाई के प्रभारी डॉ. शाहिद हुसैन कुरैशी, द्वितीय इकाई के प्रभारी डॉ. राजेश शर्मा, तृतीय इकाई की प्रभारी डॉ. मंगल श्री दुलावत, और चतुर्थ इकाई की प्रभारी डॉ. मीता चौधरी उपस्थित रहे। महाविद्यालय से जुड़े 150 स्वयंसेवक भी इस अभियान में शामिल हुए, जिनमें श्रमजीवी साइंस शाखा की तीन यूनिट और लॉ शाखा की एक यूनिट के वालंटियर थे। गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्निकल स्टडीज और नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर भी इस अभियान में भागीदारी कर रहे हैं।

कार्यक्रम में डॉ. श्वेता व्यास, जिला समन्वयक हस्स, ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया। शुभम पुरबिया, जिला युवा अधिकारी, ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए यातायात जागरूकता और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया।

# कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चार आरोपी किये गिरफ्तार

## गौवंश तस्करी मे 19 साल से फरार 02 अंतरर्राज्यीय तस्कर मंदसौर से गिरफ्तार

### पोक्सो एक्ट के मामले मे 08 साल से फरार तथा चोरी के मामले में 01 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**जयपुर/चित्तौड़गढ़ ।** चित्तौड़गढ़ जिले में कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने फरार व वांछित अपराधियों की धरपकड़ में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अलग अलग चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गौवंश तस्करी मे 19 साल से फरार 02 अंतरर्राज्यीय तस्कर मंदसौर से व पोक्सो एक्ट के मामले मे 08 साल से फरार आरोपी निम्बाहेड़ा तथा चोरी के मामले एक साल से फरार आरोपी बड़ौलीघाटा से गिरफ्तार किया है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों, स्थाई वारण्टीयों, गिरफ्तारी वारण्टीयों की धरपकड के लिये एक विशेष अभियान चलाया जा रहा। अभियान की सफलता के लिए एएसपी सरिता सिंह, सीओ निम्बाहेड़ा बद्रीप्रसाद राव व एसएचओ रामसुमेर के नेतृत्व मे कोतवाली निम्बाहेड़ा थाने से एएसआई सूरज कुमार, कांस्टेबल सुमित, देवेन्द्र, ज्ञानप्रकाश व वीरेन्द्र की टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गौवंश तस्करी मे लिप्त 19 साल से फरार मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के मुल्तानपुरा थाना वाईडी नगर निवासी 50 वर्षीय मोहम्मद अली उर्फ हनीफ पुत्र ईस्माईल खान व 38 वर्षीय लियाकत पुत्र सब्बीर को मंदसौर के मुल्तानपुरा से गिरफ्तार किया गया। वहीं पोक्सो एक्ट के मामले मे 08 साल से फरार आरोपी वसुंधरा विहार कॉलोनी निम्बाहेड़ा निवासी सुनिल कुमार पुत्र कन्हैयालाल नायक को निम्बाहेड़ा से एवं चोरी के मामले में एक साल से फरार आरोपी कोतवाली निम्बाहेड़ा के बडोलीघाटा निवासी 48 वर्षीय गेहरी लाल पुत्र चतुर्भुज गायरी को गिरफ्तार किया हैं। गोवंश तस्करी के दो आरोपियों को पकड़ने में मुल्तानपुरा चौकी प्रभारी कपिल सौराष्ट्र और उनकी टीम का योगदान भी रहा।



# सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव - 2024

## एक अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त, नाम वापसी 30 तक

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** विधानसभा उपचुनाव- 2024 के तहत सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। इसमें एक अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त हुआ। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने बताया कि सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव के तहत कुल 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। रिटर्निंग अधिकारी पर्वतसिंह चुण्डावत ने बताया कि सोमवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। इसमें अविनाश पुत्र अमृतलाल मीणा का नामांकन पत्र निरस्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शांतादेवी प|ि स्व अमृतलाल मीणा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रेशमा मीणा प|ि सुंदरलाल मीणा, भारत आदिवासी पार्टी की ओर जितेशकुमार कटारा पुत्र रमेशचंद्र मीणा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से शंकरलाल मीणा, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से केशुलाल पुत्र तेजिया मीणा तथा निर्दलीय डॉ सविता अहारी के नाम-निर्देशन पत्र वैध पाए गए। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है।

# आज के जीवन मे मोटिवेशनल बातें सिर्फ किताबों तक सीमित - प्रो महिप भटनागर

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** आज दिनांक 28 अक्टूबर को विज्ञान समिति, उदयपुर के प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के अंतर्गत डॉ अशोक जैतावत मोटिवेशनल स्पीकर की विशेष वार्ता 'जीवन मे अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुचना' विषय पर आयोजित की गई। सर्वप्रथम संयोजक मुनिश गोयल ने वार्ता विषय की भूमिका प्रस्तुत की। ई ऐम पी जैन ने वार्ताकार का परिचय दिया। वार्ताकार डा जैतावत ने बताया कि प्रायः 14 परसनालिटी के व्यक्ति होते है जिनको जीवन मे सफलता प्राप्ती हेतु विभिन्न परिस्थितियों से गुजरना होता है। उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र के 80» 20 के नियम को बखूबी समझाते हुए सफल व्यक्तियों की अनुकरणीय सात आदतों को अपनाते हुए समाज के लिये कुछ कर गुजरने की अपील की । प्रोक्रेस्टिनेशन, एटीट्यूड, आइजनहावर मैट्रिक्स, स्किल, एबिलिटी, मोटिवेशन, टाइप्स ऑफ़ फैलियर्स आदि मनुष्य की सफलता मे महत्वपूर्ण योगदान करते है ।



समिति के अध्यक्ष प्रो. महिप भटनागर ने वार्ता के कुछ बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि हम बहुत सी बातों को गलत इंटरप्रिटेशन द्वारा कुछ अलग तरह से समझने लगते । उन्होंने अपने अमेरिका प्रवास का उदाहरण देकर समझाया कि हम उनकी कई बातों को अलग तरह से समझ रहे है। उन्होंने बताया कि उनके प्रोफेसर ने उनसे अपनी सेक्रेटरी को सेक्रेटरी दिवस पर एक गुलाब का फूल देने और उसे उस दिन लंच पर ले जाने को कहा। इसका कारण पूछने पर प्रोफेसर ने बताया कि वो सुबह 6 बजे से तुम्हारी लेब में आती है। कई बार कार्य की अधिकता के कारण तुम्हारे दिए काम को पूरा करने के लिए देर तक ठहरती है। कई बार छुट्टी होने पर भी कार्य करती है । क्या उसके लिए हम इतना भी नहीं कर सकते। प्रोफेसर कहा कि इस देश में हमारा दिन सुबह 6 बजे शुरू होता है और रात को 7 बजे समाप्त होता है । डॉ जैतावत की प्रस्तुति को उद्धरण करते हुए डॉ भटनागर ने बताया कि स्वयं की परिस्थिति के अनुसार ही व्यक्ति का व्यक्तिव बनता है । उन्होंने कहा कि यहां कितने लोग है जो यह कह दे कि मैने जो पांच लाख आपको दिए वह में अब भूल जाता हूं कोई बात नहीं में अपने परिवार के लिये पांच लाख कम छोड़ कर जाऊंगा । आज के जीवन में मोटिवेशनल बातें सिर्फ किताबों तक सीमित रह गई है वास्तविक जीवन में उनका उपयोग 2 प्रतिशत ही हो सकता है।

अपने संबोधन मे विज्ञान समिति कुल प्रमुख डा. कुंदन लाल कोठारी ने कहा कि भारतीय मूल संस्कारों की बदौलत आज प्रतिस्पर्धा के दौर मे भी युवा अपने व्यवसायिक व पारिवारिक जीवन मे तारतम्य बैठाने मे सफल रह पाता है ।

मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा के कहा कि सफलता के सूत्रों पर प्रबुद्ध जनों मे आज के परिवेश मे बहुत गहन चिंतन मनन हुआ।

सचिव डा आर के गर्ग ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# जयपुर में संदिग्ध बांग्लादेशियों की गिरफ्तारी

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** भांकरोटा थाना क्षेत्र में संदिग्ध बांग्लादेशियों के निवास की जानकारी पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुखबिर से 20 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी लोग भांकरोटा क्षेत्र में रह रहे हैं। इस सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त हेमेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस निरीक्षक मनीष गुप्ता की देखरेख में तकनीकी शाखा और भांकरोटा थाने की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने छह संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों और उनके एक भारतीय सहयोगी को गिरफ्तार किया। छह परिवार के सदस्यों में नाबालिग और दिव्यांग होने के कारण उन्हें सीडब्ल्यूसी और शिशुगृह में भेजा गया। आगे की जांच में बांग्लादेशी नागरिक सुहाग खान और नाजु फकीर तथा उनके सहयोगी फिरोज को गिरफ्तार किया गया।

फर्जी दस्तावेज और संदिग्ध गतिविधियां

गिरफ्तार संदिग्धों के पास से बांग्लादेश के नेशनल आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल सर्टिफिकेट और अन्य बांग्लादेशी दस्तावेज मिले। इसके अलावा, भारत में उनके नाम से फर्जी पासपोर्ट, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और बैंक से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए। इन सभी दस्तावेजों को पुलिस ने जप्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि इन दस्तावेजों को सुहाग खान ने अन्य संदिग्धों की मदद से तैयार करवाया था।

इस मामले में पुलिस ने फिरोज कुरैशी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका भाई मोहम्मद आमिर उर्फ राजा फरार है। साथ ही नाजु फकीर को गिरफ्तार कर उसके



खिलाफ भी फर्जी दस्तावेज बनाने की जांच की जा रही है।

# दोवडा थाना पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** दोवडा थाना पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के तहत कुल 34 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई श्रीमती मोनिका सेन, पुलिस अधीक्षक, जिला डूंगरपुर के आदेशानुसार की गई। जिले में पूर्व में चालानशुदा सक्रिय अपराधियों और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्रीमान अशोक जी मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर और श्रीमान हनुवंत सिंह जी भाटी, वृताधिकारी, वृत आसपुर के निर्देशन में श्री मदनलाल, पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी, दोवडा के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया।



टीम ने अलसुबह दबिश देकर आर्म्स एक्ट के तहत 1 कार्रवाई, आबकारी अधिनियम के तहत 1 कार्रवाई, स्थायी वारंटी के खिलाफ 3 कार्रवाई, 129 बीएनएसएस के तहत 4 कार्रवाई, वांछित के खिलाफ 1 कार्रवाई और 126--170 बीएनएसएस के तहत 24 कार्रवाई की। इस कार्रवाई में कुल 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# स्केचिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**उदयपुर ।** शहर के विद्याभवन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में अर्बन स्केचर्स एवं कश्ती फाउण्डेन्शन के तत्वावधान में एक दिवसीय स्केचिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में युवा स्केचर्स के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कल्पनाओं को स्केच के सहारे उकेरा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अर्बन स्केचर्स प्रमुख और ख्यातनाम वास्तु विशेषज्ञ सुनील एस. लड्ढा ने स्केचिंग को कला साधना का एक जीवंत रूप बताया और कहा कि इसके माध्यम से कलाकार अपनी कल्पनाओं और यथार्थ का समन्वय करते हुए कला सृजना करता है। उन्होंने युवा कलाकारों को अर्बन स्केचर्स की वैश्विक समूह से जुड़ने का भी आह्वान किया। प्रतिभागियों ने विद्या भवन के ऐतिहासिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए स्केच बनाएं।

प्रारंभ में विद्या भवन प्रधानाचार्य पुष्पराज सिंह राणावत ने युवा कलाकारों का स्वागत करते हुए विद्यालय की कला एवं शैक्षिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने विद्या भवन से कला विद्यार्थियों की उपलब्धियों के बारे में भी बताया और कहा कि कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान सदैव प्रतिबद्ध है। विद्यालय की चित्रकला विभाग की प्रभारी और कला प्राध्यापक नीलोफर मुनीर ने अतिथियों और कलाकारों को पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी, चित्रकार राहुल माली, सुरेश पालीवाल बंटी सुथार और बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं स्केचर्स मौजूद रहे।

# सागवाड़ा पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** सागवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए हडमाला क्षेत्र में दो स्थानों पर 2000 लीटर महुआ वाश नष्ट किया और 18 लीटर तैयार देशी महुआ शराब जब्त की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों, गौरीशंकर डामोर और राजु डामोर, को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया।

डूंगरपुर की पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देश पर जिले में अवैध शराब भंडारण, परिवहन, और विक्रय के खिलाफ अभियान चलाया





जा रहा है। इसी कड़ी में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा और सागवाड़ा वृत्ताधिकारी रूप सिंह के निर्देशानुसार, थानाधिकारी प्रभुलाल मीणा के नेतृत्व में टीम ने हडमाला में छापेमारी की। इस कार्रवाई में अवैध शराब तैयार करने की सामग्री नष्ट की गई और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

इस सफल अभियान में थानाधिकारी प्रभुलाल मीणा, एएसआई शंकरलाल, कांस्टेबल दिलवरसिंह, लोकेन्द्रसिंह, प्रकाश,, और जीवराज, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।